Bareilly, Wednesday,
29 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

# SRMS और देहरादून स्ट्राइकर्स का जीत से आगाज

## देहरादून स्ट्राइकर्स ने 4 विकेट पर 132 रन बनाए और हल्द्वानी क्वीन्स को हराया

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (28 Oct):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट के पहले दिन एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली दबंग वुमन्स एवं देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स और हल्द्वानी क्वीन्स के बीच मैच खेला गया. एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने दिल्ली दबंग को 62 रन से पराजित किया. जबकि देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स ने हल्द्वानी क्वीन्स वुमन्स रोमांचक 8 रन से हराया. पहले मैच में 54 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 61 रन बनाने वाली एसआरएमएस की मुस्कान को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मैच में 51 रन बनाने के साथ चार विकेट लेकर हरफनमौला प्रदर्शन करने वाली देहरादून की खिलाड़ी नीलम बिष्ट को मैन ऑफ द मैच बनीं.टी- 20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट आरंभ हुआ. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर फार्मेसी डा. नितिन शर्मा की उपस्थिति में मुख्य अतिथि गुड लाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने इनॉग्रेशन मैच खेलने वाली दोनों टीमों एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली दबंग वुमेन्स के खिलाड़ियों का परिचय लिया.सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और दिल्ली दबंग वुमेन्स के मैच से हुआ. दिल्ली दबंग टीम की कप्तान गरिमा बिष्ट ने टॉस जीतकर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को पहले खेलने के लिए आमंत्रित किया. एसआरएमएस ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए. जीत के लिए 154 रन का पीछा करने उतरी दिल्ली दबंग वुमेन्स की टीम ने तेजी से 20 ओवर में सात विकेट खोकर 91 ही बना सकी. नतीजा एसआरएमएस ने 62 रन से मैच जीत लिया.



प्लेयर्स ने खूब जड़े चौके और छक्के.

### टूर्नामेंट में आज दो मैच

टी- 20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच सुबह नौ बजे दिल्ली दबंग वुमन्स और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स में और चौथा मैच दोपहर 12.00 बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम हल्द्वानी क्वीन्स वुमन्स के मध्य खेला जाएगा.

### दोपहर को हुआ दूसरा मैच

टूर्नामेंट का दूसरा मैच दोपहर 12 बजे देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन्स और हल्द्वानी क्वीन्स वुमन्स के बीच खेला गया. देहरादून की कप्तान आराधना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. देहरादून स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 132 रन बनाए. जवाब में हल्द्वानी क्वीन्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन बना सकी. नतीजा देहरादून ने 8 रन से जीत हासिल की. 51 रन बनाने के साथ चार विकेट लेकर हरफनमौला प्रदर्शन करने वाली देहरादून की खिलाड़ी नीलम बिष्ट को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मैच में अंपायरिंग ह्रदेश कुमार और सौरभ कुमार ने की. अनुज शर्मा थर्ड अंपायर और कुणाल स्कोरर रहे. कमेंट्री की जिम्मेदारी युसुफ अंसारी ने संभाली. इस अवसर पर टूर्नामेंट कालेज फैकेल्टी और कोच मनीष सिंह मौजूद रहे.